





... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 28 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 204 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया












## ओडिशा में यात्रियों से भरी बस पलटी, 20 गंभीर रूप से घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ जिले के बालूगांव क्षेत्र अंतर्गत चेदापड़ा के पास मंगलवार को एक यात्री बस पलट जाने से कम से कम 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस राकामा से नयागढ़ जा रही थी। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे बस सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना के सही कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि बस में करीब 50 यात्री सवार थे। बस पलटते ही कई यात्री गिर पड़े और चीख-पुकार मच गई। हादसे में करीब 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कई अन्य को मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य में जुट गए।

## गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा की बल्ले-बल्ले

**गांधी नगर।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने गुजरात के 15 नगर निगमों में से 7 में जीत हासिल की है। 15 नगर निगमों में से सात पर भगवा पार्टी ने कब्जा कर लिया है। इनमें नडियाद, मेहसाणा, वापी, पोरबंदर, सुरेंद्रनगर, नवसारी और मोरबी शामिल हैं। इसके अलावा, BJP सूरत, अहमदाबाद और राजकोट में भी ज्यादातर सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस अब तक मेहसाणा, मोरबी और नाडियाड में एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं हो पाई है, जिससे इन नई बनी नगर निकायों में बीजेपी के मज़बूत प्रदर्शन का पता चलता है। सभी 15 नगर निगमों के कुल रुझान बताते हैं कि बीजेपी स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़ रही है।

## 10 लड़कियों का यौन शोषण कर ब्लैकमेलर ने बनाया वीडियो

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में भी अमरावती जैसा मामला सामने आया है। यहां एक 22 साल के युवक शाहिद समीर सनादी पर युवतियों के यौन शोषण का आरोप है। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शाहिद कोल्हापुर की हातकणंगले तालुका का रहने वाला है और फार्मेसी का छात्र है। उनसे कई युवतियों का यौन शोषण कर उनके अश्लील वीडियो बनाए और फिर उन्हें ब्लैकमेल किया। शाहिद ने जब अपने एक करीबी दोस्त को इसके बारे में बताया, तो उसने मामले का खुलासा कर दिया।

## डंपर और मारूति वैन की टक्कर में चार बरातियों की मौत

कानपुर। हमीरपुर जिले में नेशनल हाईवे-34 पर छिरका के पास सोमवार देर रात डंपर और मारूति वैन की आमने-सामने टक्कर में चार बरातियों की मौके हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कुरारा थानाक्षेत्र के ग्राम डामर से कुशवाहा समाज की बरात कबरई थानाक्षेत्र के ग्राम खड्डी पहरा (महोबा) जा रही थी। बरात में शामिल कुछ लोग मारूति वैन से जा रहे थे। जैसे ही वाहन छिरका के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में वैन के परखच्चे उड़ गए।

## शेयर बाजार की सुस्त शुरूआत

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार की सुबह सुस्त रही। मिले-जुले वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के दबाव के बीच बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी, लाल निशान के साथ खुले। निवेशकों ने शुरुआती कारोबार में सावधानी बरतते हुए बिकवाली को प्राथमिकता दी। भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार की सुबह सुस्त रही। मिले-जुले वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के दबाव के बीच बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी, लाल निशान के साथ खुले। निवेशकों ने शुरुआती कारोबार में सावधानी बरतते हुए बिकवाली को प्राथमिकता दी। 30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 208.84 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 77,094.79 पर खुला, वहीं निफ्टी 42.8 अंक गिरकर 24,049.90 पर खुला। पिछले ट्रेडिंग सत्र में, सेंसेक्स 77,303.63 पर और निफ्टी 50 24,092.70 पर बंद हुआ था।

# बिल तो पास करवा कर रहेंगे

## मंच से पीएम ने किया खुला ऐलान, विपक्ष पर जमकर साधा निशाना



● वाराणसी में महिलाओं का सबसे बड़ी जुटान, महिला पुलिसकर्मियों ने ही संभाली सुरक्षा की कमान

● पीएम ने दी अरबों की सौगात, राज्यपाल, सीएम और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे मौजूद

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर काशी पहुंचे हैं। वह मंगलवार दोपहर 1:40 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से हेलिकॉप्टर से बरेका गेस्ट हाउस आए। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। पीएम यहां लंच करेंगे। इसके बाद पार्टी के पदाधिकारियों से बातचीत की। इसके बाद BLW ग्राउंड में महिला जन आक्रोश रैली को संबोधित किए। इस दौरान 25 हजार से ज्यादा महिलाएं मौजूद रहीं। जिनमें से 44 महिलाएं मंच पर होंगी। इस दौरान बरेका मैदान में आयोजित जनसभा में महिला शक्ति की झलक दिखी। करीब 25 हजार महिलाओं के जुटने की उम्मीद की गई थी। काशी में ये महिलाओं का अब तक का सबसे बड़ी जुटान रही। इस सम्मेलन की कमान महिलाएं संभाल रही थी। यहां तक कि सुरक्षा व्यवस्था में भी महिला पुलिसकर्मी तैनात रहीं। इस दौरान पीएम ने उपस्थित महिलाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि वह हर हाल में महिलाओं के हित में बिल को पास करवा कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहे कितनी भी अड़ंगेबाजी कर ले, लेकिन वह महिलाओं के हित महिला विधेयक बिल को पास करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस, सपा और टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और उन्हें महिलाओं का विरोधी बताते हुए महिला आरक्षण बिल को पास करवाने में सबसे बड़ी बाधा बताया। सभा में पहुंची छात्राओं ने मांग की कि महिलाओं के लिए विभिन्न परियोजनाएं आती रहें और पीएम महिलाओं का विकास करते रहें। सभा स्थल पर पहुंच रही छात्राओं व महिलाओं को पीएम से काफी उम्मीदें जतायीं। वहीं एक छात्रा कहा कि पेपर लीक को लेकर सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे अभ्यर्थियों का मेहनत न खराब हो। बरेका मैदान में आयोजित जनसभा में महिला शक्ति की झलक दिखाई दी। मंच पर 44 महिलाएं मौजूद रहीं। काशी में ये महिलाओं की अब तक का सबसे बड़ा जुटान रही। इस सम्मेलन की कमान महिलाएं संभालीं। यहां तक कि सुरक्षा व्यवस्था में भी महिला पुलिसकर्मी ही तैनाती की गयी थीं। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य मंत्रियों ने पीएम का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री 6,332 करोड़ रुपए की 163 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें सिग्नेचर ब्रिज और कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शामिल हैं। प्रधानमंत्री शाम पांच बजे बरेका इंटर कालेज के मैदान में 'जनआक्रोश महिला सम्मेलन' को संबोधित किया। साथ ही 6,332 करोड़ रुपये की 163 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। पीएम दो बनारस से पुणे और अयोध्या से मुंबई के बीच चलने वालीं दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, यूपी के दोनों डिप्टी सीएम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी भी काशी पहुंचे हैं।

## अब नहीं ढहाया जाएगा ब्रिटिश मौलाना का मदरसा

**संतकबीर नगर।** संतकबीरनगर में ब्रिटिश मौलाना शमशुल हुदा का अवैध मदरसा अब ढहाया नहीं जाएगा। डीएम आलोक कुमार ने बताया, हाईकोर्ट के आदेश पर ध्वस्तीकरण का काम अगले आदेशों तक रोक दिया गया है। मदरसा प्रबंध कमेटी ने कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। प्रशासन ने बुलडोजर, पोकलेन मशीनें हटा ली हैं। बीते दो दिनों में प्रशासन ने मदरसे को लगभग ढहा दिया है। रविवार को 13 घंटे तक कार्रवाई चली थी। चारदीवारी और 10 से अधिक पिलर तोड़े गए थे। पीछे का करीब 15 फीट हिस्सा और कमरों की आगे-पीछे की दीवारें ढहा दी गई थीं। प्रशासन ने सोमवार सुबह 10 बजे दूसरे दिन की कार्रवाई शुरू की। आगे के हिस्से को तोड़ने के लिए 2 पोकलेन मशीनें और 5 बुलडोजर लगाए गए, लेकिन थोड़ी देर बाद एक पोकलेन मशीन में खराबी आ गई।

## भारत लाया गया दाऊद का चेला सलीम डोला

**नई दिल्ली।** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को एक बड़ी सफलता मिली है। कुख्यात ड्रग तस्कर और भगोड़े आतंकी दाऊद इब्राहिम के करीबी सलीम डोला को बीते दिनों तुर्किये के इस्तांबुल में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद अब उसे भारत को प्रत्यर्पित कर दिया गया है। यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन के बाद हुई है। मंगलवार तड़के एक विशेष विमान से उसे दिल्ली एयरपोर्ट लाया गया, जहां भारतीय खुफिया एजेंसियों ने उसे हिरासत में लिया। अब उससे दिल्ली में पूछताछ की जा रही है और आगे की जांच के लिए उसे मुंबई स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंपा जाएगा।






## अब आम भारतीय भी बन सकेंगे अंतरिक्ष यात्री



● इसरो का बड़ा फैसला : गगनयान मिशन के बाद सबको मिलेगा स्पेस जाने का मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो अब पहली बार अपने एस्ट्रोनॉट दल में आम नागरिकों को शामिल करने जा रहा है। यह बड़ा फैसला भारत के मानव अंतरिक्ष मिशनों के भविष्य को देखते हुए लिया गया है। अब तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के चयन में मुख्य रूप से वायुसेना के टेस्ट पायलटों को प्राथमिकता दी जाती रही है, लेकिन अब वैज्ञानिक और तकनीकी पृष्ठभूमि वाले नागरिकों को भी मौका मिलेगा। यह बदलाव गगनयान मिशन और उससे आगे के मिशनों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है। इसके तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से लगभग 400 किलोमीटर ऊंचाई की कक्षा में भेजा जाएगा। यह मिशन तीन दिन तक चलेगा, जिसके बाद क्रू को सुरक्षित भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जाएगा।

## मनीष सिसोदिया ने भी महिला जज की कोर्ट में जिरह से किया इनकार





**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बाद मनीष सिसोदिया ने भी न्यायमूर्ति स्वर्णकांता को चिट्ठी लिखकर आबकारी मामले में सीबीआई की अपील याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। सिसोदिया ने लिखा है कि उनकी तरफ से भी कोई वकील पेश नहीं होगा। मनीष सिसोदिया ने कहा है कि न्यायमूर्ति शर्मा के बच्चों का भविष्य सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता के हाथों में है। ऐसे में मुझे न्याय की उम्मीद नहीं है। सिसोदिया ने कहा कि सत्याग्रह के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। मनीष सिसोदिया ने अपने पत्र में कहा कि जस्टिस शर्मा के बच्चों का नाम सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के पैनल में है, जो केंद्र सरकार की ओर से इस मामले में पेश हो रहे हैं। सिसोदिया ने लिखा, 'आपके बच्चों का भविष्य तुषार मेहता के हाथ में है, इसलिए मुझे इस अदालत से न्याय की कोई उम्मीद नहीं है।' उन्होंने इसे सत्याग्रह का रास्ता बताया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 41.5°C
● तापमान न्यूनतम : 23.0°C
● सूर्योदय : 05.26
● सूर्यास्त : 06.27
वाराणसी, 28 अप्रैल, मंगलवार, 2026 (3)







# महिला की नृशंस हत्या से सनसनी

## रेप के बाद मर्डर की आशंका, मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम



**● लाश के पास मिले आधार कार्ड को लेकर शिनाख्त की कोशिश**

**वाराणसी।** वाराणसी में हमलावरों ने महिला की सिर कूचकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसके शव को लोहता थाना क्षेत्र के खेतों में फेंक दिया। पहचान मिटाने के लिए उसके सिर और चेहरे पर पत्थर से वार किए गए। वारदात को अंजाम देकर हत्यारे मौके से भाग निकले। मंगलवार सुबह ग्रामीण जब खेत पर पहुंचे तो लगभग 35 वर्षीया अज्ञात महिला का शव देकखर हड़कंप मच गया। पहले हरपालपुर गांव में इसकी जानकारी दी फिर लोहता पुलिस को बुलाया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला का शव गांव के बाहर सुनसान इलाके में पड़ा मिला। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि महिला की रेप के बाद हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। फिलहाल महिला के पास से एक आधारकार्ड भी मिला है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्र किए जा सकें। प्रारंभिक जांच में हत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। उसके आधार पर पुलिस शिनाख्त करने में जुटी है, जिले के सभी थानों में गुमशुदगी या अपहरण के केस खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही आसपास के गांवों में भी पूछताछ की जा रही है और संभावित साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### जमीन बंटवारे में किसान को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**वाराणसी।** जमीन के बंटवारे और विवाद में कल पट्टीदारों ने किसान को पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। विवाद के दौरान हमलावरों ने उसके सिर पर फावड़ा से हमला कर दिया, जिससे सिर फटने से किसान लहूलुहान होकर अचेत हो गया। उसे बचाने के प्रयास में उसके पुत्र समेत कई अन्य लोग भी घायल हो गए। विवाद के बाद परिजनों ने रोहनिया पुलिस को घटना की जानकारी और घायल को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर बीएचयू रेफर कर दिया। बीएचयू में इलाज के दौरान मंगलवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है।

### यूपी कॉलेज में छात्र की हत्या का मामला

## गुस्साये विद्यार्थियों का पुलिस पर लीपापोती का आरोप



**●इंसाफ के लिए मुख्यमंत्री को लिखा खून से ख़त**

**वाराणसी।** उदय प्रताप कॉलेज में 20 मार्च को दिनदहाड़े कैंपस में घुसकर छात्र सूर्य प्रताप सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद अभी भी छात्रों का आक्रोश कम नहीं हुआ है। छात्र पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पहुंचकर छात्रों ने खून से पत्र लिखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की मांग की है। छात्रों की मांग है कि जिस पिस्टल से गोली मारकर सूर्य प्रताप की हत्या की गई थी, उस पिस्टल को उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को पुलिस ने अब तक नहीं पकड़ा है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने में लापरवाही दिखा रही है। छात्रों ने आरोप लगाया कि इस दौरान मुख्य आरोपी और पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया छात्र मनजीत चौहान का भाई लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव है और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर जातीय उन्माद को बढ़ावा दे रहा है। छात्रों ने मांग की है कि उसकी भी गिरफ्तारी की जानी चाहिए।

## नजर नहीं, नजरिये से बनती है तस्वीर

**● छाप छोड़नी है तो सीखनी होगी तकनीकी और संवेदना के गुर**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी को कैमरे में कैद करना केवल तकनीक का खेल नहीं, बल्कि संवेदना और दृष्टिकोण का विषय है। यह बात ख्यातिलब्ध फोटोग्राफर एवं चित्रकार मनीष खत्री ने सोमवार को मड़ौली स्थित मेहता आर्ट गैलरी में 'कोरस–2026' के तहत आयोजित सोशल मीडिया कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि तकनीक आपको एक अच्छी तस्वीर दे सकती है, लेकिन संवेदनशीलता ही उसे महान बनाती है। काशी में फोटोग्राफी केवल फ्रेम कैद करना नहीं, बल्कि उस क्षण की आत्मा को समझना है। उन्होंने कहा कि यह शहर जीवन और मृत्यु के दर्शन का अनूठा चित्रण है, जिसे देखने के लिए एक अलग नजरिया और सोच की जरूरत होती है। काशी की धुंध भरी सुबह, सुनहरी शाम और घाटों पर परछाइयों का खेल फोटोग्राफी के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करता है। यहां के लोगों की आस्था, मुस्कान और दैनिक जीवन को करीब से चित्रित करना आसान नहीं है, इसके लिए अनुभव और कैमरे की बारीक समझ जरूरी है।

### गंगा में बिरयानी कांड की सुनवाई होगी 5 मई को

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा नदी में इफ्तार पार्टी आयोजित करने और मांसाहार का सेवन कर अवशेषों को नदी में फेंकने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपी दानिश सैफी व अन्य की जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने दिया। यह मामला कोर्ट के समक्ष आया तो सुनवाई के लिए तारीख लगाने का अनुरोध किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए पांच मई की तारीख लगा दी। 17 अप्रैल को कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाबी हलफनामे के लिए एक सप्ताह का समय दिया था।

### नारी शक्ति वंदन विधेयक पास नहीं होने पर महिलाओं ने दी किचन हड़ताल की धमकी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सैकड़ों महिलाओं ने विपक्ष के नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया है। इस दौरान महिलाओं ने विपक्ष के नेताओं के पोस्टर भी जलाए हैं और अब किचन से हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है। महिलाओं ने विपक्ष के नेताओं के खिलाफ बेनकाब मार्च निकाला है। इस दौरान महिलाओं के हाथ में पोस्टर दिखे जिसमें लिखा था, 'महिला आरक्षण नहीं मिलेगा तो रोटी पानी बंद होगा।' आक्रोशित महिलाओं ने यहां तक कह डाला कि यदि उनके पति विपक्षी पार्टियों से संबंध रखेंगे तो उनका रोटी पानी बंद कर दिया जाएगा और किचन में हड़ताल शुरू किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं ने अपने पतियों को चेताया है कि किसी भी विपक्ष के नेता को घर में लेकर आने पर चाय पानी भी बंद कर दिया जाएगा।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए नवगीतकार पं.श्रीकृष्ण तिवारी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रांतीय संगठन उत्तर प्रदेश भोजपुरी संघ द्वारा दिगंबर जैन मंदिर काम्प्लेक्स मैदागिन चौराहा पर संस्था के दिवंगत प्रांतीय उपाध्यक्ष लब्ध नवगीतकार पं.श्रीकृष्ण तिवारी की 13वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक उनके चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलित करके मनाई गई । मुख्य अतिथि डॉ.रामसुधार सिंह ने कहा कि वे सौंदर्य बोध के चितेरे नव गीतकार और बेहतरीन मंच संचालक थे। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव डॉ.अपूर्व नारायण तिवारी 'बनारसी बाबू' ने कहा कि पं.श्रीकृष्ण तिवारी जी तीखे तेवर वाले स्वाभिमानी रचनाकार थे ।उनके गीतों में रुमानियत, यथार्थ के साथ प्रकृति का भी सौंदर्य नजर आता है,तो टूटन,पीड़ा के स्वर भी मुखरित होते हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भोजपुरी संघ द्वारा पं.श्रीकृष्ण तिवारी के कालजयी कृति सन्नाटे की झील का पुनः मुद्रण तथा पं.श्रीकृष्ण तिवारी स्मृति स्मारिका प्रकाशन की घोषणा की गई ।

### रोटरी क्लब की संगोष्ठी में ऊर्जा सुरक्षा और सौर विकल्पों पर मंथन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा सोमवार को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल मलदहिया में 'पावरिंग एन्वायरमेंट विथ रिन्यूएबल सोलर एनर्जी' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और वैश्विक संकटों के प्रभाव पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ई आर.के. पांडेय, मुख्य अभियंता, यूपी विद्युत बोर्ड रहे। क्लब के अध्यक्ष रो राजेश भाटिया ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ता तनाव पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यहां से लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल आपूर्ति होती है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी लगभग 80 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, ऐसे में इस प्रकार के संकट देश की अर्थव्यवस्था और उद्योगों पर सीधा प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा पर निर्भरता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक जोखिम भी है, इसलिए सौर ऊर्जा जैसे अक्षय स्रोतों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनना समय की मांग है।

### माइक्रोटेक कॉलेज वाराणसी संस्था के मुखिया को राष्ट्रीय रत्न सम्मान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ पंकज राजहंस और डॉ. नीरज राजहंस को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रत्न सम्मान से नवाजे गए। यह सम्मान उनके निरंतर प्रयासों, समर्पण और समाज के प्रति उनकी सकारात्मक सोच का प्रतीक है। माइक्रोटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के अधिशासी निदेशक डॉ पंकज राजहंस एवं प्रबंधक डॉ. नीरज राजहंस ने न केवल शिक्षा के स्तर को ऊँचाइयों तक पहुँचाया है, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी कई सराहनीय पहल इन लोगों के द्वारा किया गया है। उनके नेतृत्व में संस्थान ने गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन और सामाजिक उत्थान के लिए अनेक कार्य किए हैं। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने, युवाओं को मार्गदर्शन देने और मानवता की सेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए प्रदान किया गया।

### जिला कैरम समर लीग 24 मई से

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी जिला कैरम एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष कराई जाने वाली जिला कैरम समर लीग इस बार आगामी 24 मई से प्रारंभ होकर 4 जून तक इंग्लिशयालाइन स्थित चंद्रा त्रिपाठी स्मृति क्रीड़ा कक्ष में खेली जाएगी, जिसमें सीनियर पुरुष और महिला वर्ग के एकल, युगल और मिश्रित युगल के मैचेज भी संपन्न कराए जाएंगे। प्रतियोगिता प्रतिदिन सांय 6:00 बजे से रात 9:00 बजे के बीच खेली जाएगी। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई होगी । बैठक की अध्यक्षता बैजनाथ सिंह ने किया।

## भिखारीपुर पोखरे पर बिखरी गदंगी देखकर मेयर खफ़ा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सप्ताहव्यापी महा-अभियान के तहत सोमवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने भिखारीपुर स्थित पोखरे के आसपास फैली गंदगी पर नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों से तालाब का सुंदरीकरण कराने का निर्देश दिया ताकि स्थानीय निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। घर-घर जनसंपर्क के दौरान महापौर ने स्थानीय निवासियों से उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सविता यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, पार्षद सुरेश पटेल, श्याम भूषण, अतुल पांडेय, विनीत सिंह, अभय, जलकल महाप्रबंधक अनूप सिंह, मुख्य अभियंता आरके सिंह सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## व्यक्ति-निर्माण से ही होगा राष्ट्र-निर्माण

**उतिष्ठ भारत : संवाद से समझ की ओर**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** 'सेवाज्ञ संस्थानम् काशी एवं शिक्षा संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'उत्तिष्ठ भारत : संवाद से समझ की ओर' कार्यक्रम में युवा चेतना, समाज और उत्तरदायित्व पर गंभीर विमर्श हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण महाराज, सारस्वत अतिथि डॉ. वागीश शुक्ल, व्योमेश शुक्ल, प्रो. हरेंद्र कुमार राय, प्रो. अंजली बाजपेयी एवं महानगर संयोजक शिवम् पाण्डेय उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में व्योमेश शुक्ल ने 'जीवन, समाज एवं उत्तरदायित्व' विषय पर मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय, धूमिल और आचार्य रामचंद्र शुक्ल के संदर्भों के माध्यम से समाज की वैचारिक दिशा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्थाएँ केवल संरचना नहीं, बल्कि चेतना का केंद्र होती हैं। सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा युवाओं के बीच वैचारिक संवाद की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नागरी प्रचारिणी सभा को भी इस प्रकार के प्रयासों से सीखने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि 'शत्रु विजयी नहीं होता, दुर्बलताएँ परास्त होती हैं।'

### 10 मई तक बीज के लिए आनलाइन बुकिंग

**वाराणसी।** खरीफ वर्ष 2026 में एकीकृत धान्य विकास कार्यक्रम (चावल) के अंतर्गत सामान्य बीज वितरण योजना के तहत धान और ढैंचा के साथ-साथ त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत मक्का का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। बीजों का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी। इसके अतिरिक्त, धान और मक्का का संकर बीज भी राजकीय कृषि बीज भण्डारों से 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को दिया जाएगा।



## मऊ समाचार

### खाना खाकर बच्चों के साथ सोई महिला मृत मिली



**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के टेकई गांव निवासी पूजा (35) का शव उनके कमरे में मिला। पास में ही उनके बच्चे सो रहे थे। सूचना मिलने पर पहुंचे पिता रमेश प्रसाद ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। शव को 9.30 घंटे तक दरवाजे के बाहर पड़े रहने के बाद, पुलिस ने दोपहर 3:45 बजे शव को जिला अस्पताल भेजा। पूजा के पति और परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले पूजा को पेट में दर्द होने के कारण चक्रपानपुर स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया था। वहां से दवा लेकर वह घर लौट आई थीं। पूजा का पति गांव में किराना की दुकान चलाता है और बोलेरो भी रखता है। रविवार की शाम, वह बोलेरो लेकर किसी शादी में गए थे। पूजा रात को खाना खाकर 8 वर्षीय बेटी अनुष्का और 5 वर्षीय बेटे रितेश के साथ कमरे में सोने चली गई थीं। सोमवार की सुबह, जब वह 6 बजे तक नहीं उठीं, तो परिवार के लोग उन्हें जगाने गए। कमरे का दरवाजा खुला था और पूजा मृत अवस्था में बिस्तर पर पड़ी थीं। बगल में ही उनके बच्चे सो रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर, पूजा के पिता रमेश प्रसाद आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाना क्षेत्र के लोकीपुर गांव से पहुंचे। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम कराने की जिद की। उनका कहना था कि पोस्टमार्टम से मौत के कारण का खुलासा हो जाएगा।
कोतवाली प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया कि शव को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा।

## सोनभद्र समाचार

### सड़क पार कर रहे किशोर की बाइक की टक्कर से मौत

**सोनभद्र।** करमा थाना क्षेत्र के झकाहीं के पास रविवार की शाम सड़क पार कर रहे किशोर एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे किशोर प्रियांशु (13) की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। लोढ़ी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हालत में सुधार न होने पर सोमवार की दोपहर वंशनारायण (25) को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। करमा थाना क्षेत्र के दुगौलिया गांव निवासी तेजबहादुर का पुत्र प्रियांशु रविवार को किसी दोस्त से मिलने के लिए झकाही की तरफ जा रहा था। दोपहर दो बजे के करीब वह झकाही मोड़ पर सड़क पार करने लगा। तभी नौडिहा की तरफ जा रही बाइक ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार शाहगंज थाना क्षेत्र के भुड़कुड़ा निवासी वंशनारायण (25), रमेश (55) और महुआंव निवासी बुधिराम (30) भी गंभीर रूप से घायल हुए।

## गोरखपुर समाचार

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का मिला शव, नहीं हो सकी पहचान



**गोरखपुर।** थाना क्षेत्र के महुआतर रेलवे क्रॉसिंग से करीब सौ मीटर उत्तर, मानीराम रेलवे स्टेशन की ओर रेलवे ट्रैक पर सोमवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।
पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह करीब नौ बजे सूचना मिली कि महुआतर रेलवे क्रॉसिंग के उत्तर दिशा में एक युवक ट्रेन से कट गया है।
मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास जुटी भीड़ से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।
मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। उसका रंग गेहुआ, चेहरा गोल, कद औसत और शरीर दोहरा था। वह कत्थई रंग की हाफ टी-शर्ट और फुल पैंट पहने हुए था।
हादसे में युवक के दोनों पैर टूट गए थे, जबकि सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें थीं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।

## भदोही समाचार

### महिलाओं का अधिकार छीन रहा है विपक्षः एके शर्मा

**भदोही।** कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस जैसे विपक्षी दल महिलाओं के अधिकार को छीन रही हैं। इसको लेकर देश की आधी आबादी आक्रोश में है। महिलाओं के हक के लिए भाजपा लड़ाई लड़ती रहेगी। यह बातें सूबे के ऊर्जा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को औराई ब्लॉक में जन आक्रोश महिला सम्मेलन में कही। स्मार्ट मीटर को लेकर भी उन्होंने सख्त चेतावनी दी। कहा कि जब तक पुराने मीटर सही नहीं हो जाएंगे, तब तक नए स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे। प्रभारी मंत्री सोमवार को दोपहर औराई ब्लॉक में पहुंचे तो महिलाओं से भरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री 2025 में महिला आरक्षण बिल लाने का प्रयास किया जो 2026 में पेश किया गया, लेकिन विपक्षी पार्टियां उसे कामयाब नहीं होने दी।

## आजमगढ़ समाचार

### राजा साहब के पोते कुंवर जफर ने अवसाद में आकर दी जान



**आजमगढ़।** आजमगढ़ को बसाने वाले राजा आजम शाह के सबसे छोटे पोते कुंवर जफर आजम (54) ने रविवार की शाम लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना लखनऊ में चिनहट देवा रोड स्थित हिम सिटी कॉलोनी में हुई है। जफर के बेटे मेहर के दोस्त रोहित मिश्रा ने बताया कि जफर आजम मूलरूप से सिटी कोर्ट आजमगढ़ के निवासी थे। वह करीब सात वर्षों से हिम सिटी कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहे थे। पिछले कुछ समय से वह अवसाद में थे। उनका इलाज भी चल रहा था। रविवार शाम करीब छह बजे उन्होंने अपनी दाहिनी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाकर गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे और उन्हें खून से लथपथ पाया। परिजन उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि परिजनों ने अवसाद के चलते आत्महत्या की बात कही है। छानबीन में सामने आया कि आजमगढ़ में उनकी कई संपत्तियां हैं जिनसे परिवार का खर्च चलता है। उनकी पहली पत्नी का देहांत हो चुका था और बेटा मेहर 2013 के सड़क हादसे के बाद चलने में असमर्थ है। उनकी दूसरी पत्नी साबरा खातून हैं और बेटी सारा निजी कंपनी में कार्यरत है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर रिवॉल्वर को जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। अंतिम विदाई देने लोग लखनऊ पहुंचे-हासिर आफताब शैली ने बताया कि कुंवर जफर आजम लखनऊ में रहकर प्रापर्टी डिलींग का काम करते थे।

## सुल्तानपुर समाचार

### सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, दो जख्मी

**जयसिंहपुर/सेमरी बाजार।** सड़क दुर्घटनाओं में सोमवार को दो युवकों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए। घायलों को बिरसिंहपुर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया।
गोसाईगंज के मदुरी निवासी इरशाद अली (36) सोमवार भोर ऑटो से अकबरपुर से अपने घर जाने के लिए निकले। वह ऑटो की पिछली सीट पर बैठे थे। जयसिंहपुर क्षेत्र में टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिरैता चौराहे के पास अचानक नींद आने से वह असंतुलित होकर चलती ऑटो से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, अंबेडकरनगर के डीह भिखारी निवासी मिथुन (22) अपने साथी अरुण (21) व अंकित (22) के साथ बाइक से रविवार रात बरात से घर लौट रहे थे। बाइक मिथुन चला रहे थे, उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था।
किशुनागरपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने मिथुन को मृत घोषित कर दिया। अरुण व अंकित को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार मिथुन की 29 मई को शादी तय थी। उनकी मौत से परिवार में चीख-पुकार मची है।
जयसिंहपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद मिश्र ने बताया कि इरशाद अली के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दूसरी दुर्घटना की भी जानकारी मिली है।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**धम्मौर।** थाना क्षेत्र के निगोलिया निवासी रामकृपाल कोरी (60) रविवार को घर से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने अमेठी जिले के गुंगवाछ गए। रात में वहां पर सड़क पार करते समय अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से वह घायल हो गए। उन्हें गौरीगंज स्थित अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत का पता चलने के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार राम कृपाल वैवाहिक आयोजन में बैंड बाजा बजाते थे। रविवार को भी वह वैवाहिक कार्यक्रम में गए थे। सोमवार को गांव में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## बलिया समाचार

### बोलेरो की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**भीमपुरा।** थाना क्षेत्र के कसेसर पेट्रोल पंप के समीप नगरा-बरौली मार्ग पर शनिवार की शाम बोलेरो की टक्कर से घायल बाइक सवार मुकेश सिंह (40) की सोमवार की शाम इलाज के दौरान वाराणसी के अस्पताल में मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। कसौंडर निवासी मुकेश सिंह शनिवार की शाम नगरा से घर जा रहे थे। पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। काफी देर बाद पहुंची एम्बुलेंस से उन्हें इलाज के लिए पीएचसी नगरा पहुंचाया गया। जहां स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान सोमवार की देर शाम को मौत हो गयी।

## गाजीपुर समाचार

### चारधाम यात्रा से लौट रहे अधिवक्ता और शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत



**दुल्लहपुर।** बद्रीनाथ और केदारनाथ सहित चारधाम की यात्रा से रविवार की रात घर लौट रहे कार सवार बुढ़ानपुर अधिवक्ता रजनीकांत पांडेय (52) और अलीपुर मदरा निवासी व रामपुर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह (45) की आजमगढ़ के तहबरपुर गांव के सामने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप घायल हो गए, जिनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी होते ही अधिवक्ताओं और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। अलीपुर मदरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सर्वानंद सिंह (झुन्ना सिंह) और अटल कुमार सिंह ने बताया कि अलीपुर मदरा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अखिलानंद सिंह अपनी पत्नी सुनीता सिंह के साथ और बुढ़ानपुर निवासी अधिवक्ता रजनीकांत पांडेय और अधिवक्ता संजय पांडेय व अंतिमा पांडेय एक साथ निजी कार से चारधाम यात्रा पर गए थे। रविवार की रात करीब 12 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आजमगढ़ मार्ग के कट पर उतरते समय तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे जा घुसी। हादसे में अधिवक्ता बुढ़ानपुर निवासी रजनीकांत पांडेय और अलीपुर मदरा निवासी सुनीता सिंह की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता अखिलानंद सिंह, अधिवक्ता संजय पांडेय और अंतिमा पांडेय का उपचार आजमगढ़ के निजी अस्पताल में चल रहा है। जखनिया एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने दोनों पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। इधर, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामदुलार राम सहित अन्य अधिवक्ताओं ने शोक जताते हुए अपूरणीय क्षति बताया।
अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए तीन दिनों तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। परिजनों के रोने- बिलखने की आवाज सुनकर दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गांव के लोग परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे।

## देवरिया समाचार

### दोनों किशोरों का शव दरवाजे पर आते ही मची चीख-पुकार

**भाटपार रानी।** थाना क्षेत्र के चनुकी घाट पर नहाते समय एक दिन पूर्व डूबने से मृत दो किशोरों का शव सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद देर शाम उनके गां कोठिलवा पहुंचा। शव दरवाजे पर पहुंचते ही परिवार में दोनों परिवार के लोगों की चीख पुकार से सबकी आंखें गमगीन हो गईं। दरवाजे पर गांव के लोगों की भीड़ उमड पड़ी थी। उस समय सबकी आंखें नम हो चली थी। धार्मिक कर्मकांड के बाद दोनों शवों को गांव के दक्षिणी सीमा में धारहनिया पुल के पास श्मशान घाट पर ले जाया गया। वहां दोनों शवों को अलग-अलग चिता बनाकर दाह संस्कार कर दिया गया। अतुल कुशवाहा के शव को उसके पिता रामसेवक और किशन गुप्ता केशव को उसका छोटा भाई कृश गुप्ता ने मुखाग्नि दी।

## चंदौली समाचार

### 31 मई तक चलेगी दानापुर और एसएमवीटी बंगलुरू स्पेशल ट्रेन

**पीडीडीयू नगर।** ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दानापुर और एसएमवीटी बंगलूरू के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि को बढ़ाया गया है। अब यह ट्रेन 31 मई तक चलेगी। इससे दक्षिण भारत जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि अप 03251 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलूरू स्पेशल ट्रेन 31 मई तक चलेगी। दानापुर से यह स्पेशल ट्रेन अपराह्न तीन बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए तीसरे दिन दोपहर 02:30 बजे एसएमवीटी बंगलुरू पहुंचेगी। इसी तरह डाउन में ट्रेन संख्या 03252 एसएमवीटी बेंगलूरू-दानापुर स्पेशल ट्रेन 2 जून तक चलेगी। यह ट्रेन एसएमवीटी बंगलुरू से रात 23:50 बजे खुलेगी और तीसरे दिन रात 23.55 बजे दानापुर पहुंचेगी।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं जिला आयुष समिति की बैठक कर की समीक्षा



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं जिला आयुष समित की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। आशा और एएनएम के माध्यम से गांव–गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और लंबित पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता पर बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 पर डॉक्टरों की उपस्थिति, दवाआ की उपलब्धता और साफ–सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, आमजन को बेहतर और समयबद्ध इलाज मिले, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण सहित अन्य बिन्दुओ पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण, परिवार कल्याण कार्यक्रम तथा सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से सेवाएं पहुंचाई जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जन–जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला आयुष समिति की बैठक कर बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## जौनपुर समाचार

### कमरे में पंखे से लटका मिला छात्रा का शव

**सुइथाकलां।** सरपतहां थानाक्षेत्र के जहरूद्दीनपुर गांव में सोमवार सुबह स्नातक अंतिम वर्ष की एक छात्रा का शव घर के अंदर कमरे में पंखे में फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंदर से बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार अनुसूचित बस्ती निवासी लक्ष्मीशंकर की पुत्री आकांक्षा उर्फ गोल्डी (20) स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा थी। रविवार रात में रोजाना की भांति वह परिजनों के साथ भोजन के उपरांत छत पर सोने चली गई। घर के कुछ अन्य सदस्य बाहर द्वार पर सोए थे। सुबह मृतका के चाचा घर के अंदर गए और बंद कमरे का दरवाजा खटखटाने लगे किंतु अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो खिड़की से झांककर देखा। आकांक्षा का शव पंखे के सहारे झूल रहा था।

## प्रयागराज समाचार

### प्रयागराज में पीछे से टक्कर लगने पर सड़क पर गिरे, बस कुचलते हुए निकली



**प्रयागराज।** फाफामऊ में रानीगंज से सपा विधायक आरके वर्मा के चचेरे भाई अशोक कुमार (42) को रोडवेज बस ने रौंद दिया। बस की टक्कर से वह बाइक से नीचे गिर पड़े और बस उन्हें कुचलते हुए निकल गई। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक आवागमन बाधित भी रहा। फिलहाल देर रात तक पुलिस आरोपी चालक व बस का पता नहीं हासिल कर पाई थी।
यह हादसा सुबह 10 बजे के करीब फाफामऊ में जय गुरुदेव आश्रम के पास हुई। अशोक प्रतापगढ़ के जेठवारा के सराय देवराय डंडवा के रहने वाले थे। उनके घर के सामने ही कमल पटेल रहते हैं जिनकी भांजी प्रयागराज के सिविल लाइंस में निजी अस्पताल में भर्ती थी। सोमवार सुबह कमल के साथ अशोक भी उसे देखने अस्पताल आ रहे थे। बाइक कमल चला रहा था जबकि अशोक पीछे बैठे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जय गुरुदेव आश्रम बाईपास के पास पीछे से तेज रफ्तार रोडवेज बस आई और बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक असंतुलित हो गई और कमलेश बांयी ओर जबकि अशोक दाहिनी ओर गिर पड़े। तभी बस ने उन्हें चपेट में ले लिया और कुचलते हुए निकल गई। आसपास के लोग दौड़े लेकिन अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और कमल को अस्पताल भेजवाया।
जानकारी पर परिवारवाले भी आ गए। बड़े भाई काशीराम ने बताया कि अशोक के परिवार में पत्नी सुशीला व दो बेटे सचिन, नीरज और बेटी वर्षा हैं। उधर घटना की जानकारी मिलने पर विधायक आरके वर्मा भी आ गए। परिवार-वालों ने बताया कि अशोक विधायक आरके वर्मा के ताऊ के बेटे थे।
पोस्टमार्टम के बाद देर शाम शव प्रतापगढ़ ले जाया गया और फिर अंतिम संस्कार हुआ। पुलिस देर रात तक बस चालक का सुराग नहीं हासिल कर पाई थी। फाफामऊ थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## लाइफ मंत्र

### अधर्म के विनाश के लिए कब प्रकट होंगे भगवान नरसिंह? जानें सही तिथि, पूजा का शुभ मुहूर्त और विधि

हिंदू धर्म में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नरसिंह चतुर्दशी या नरसिंह जयंती के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी पावन तिथि पर भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए खंभे को चीरकर 'नरसिंह' अवतार लिया था। वर्ष 2026 में इस महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं में अभी से उत्साह है। आइए जानते हैं वर्ष 2026 में नरसिंह जयंती की सटीक तिथि और पूजा का सबसे उत्तम समय।



**नरसिंह चतुर्दशी तिथि और शुभ मुहूर्त 2026**

पंचांग गणना के अनुसार, इस वर्ष चतुर्दशी तिथि का समय कुछ इस प्रकार रहेगाः

**चतुर्दशी तिथि का प्रारंभः** 29 अप्रैल 2026, शाम 07:51 बजे।

**चतुर्दशी तिथि का समापनः** 30 अप्रैल 2026, रात 09:12 बजे।

**व्रत और उत्सवः** उदया तिथि की मान्यता के अनुसार, नरसिंह जयंती का व्रत और मुख्य उत्सव 30 अप्रैल 2026, गुरुवार को मनाया जाएगा।

**पूजा के लिए केवल 2 घंटे 39 मिनट का समय**

भगवान नरसिंह का प्राकट्य संध्या काल (सूर्यास्त के समय) हुआ था, इसलिए उनकी पूजा शाम के समय करना ही शास्त्र सम्मत और सर्वोत्तम माना जाता है।

**पूजा का शुभ मुहूर्तः** शाम 04:17 बजे से शाम 06:56 बजे तक।

**जयंती पूजा विधिः** घर की पश्चिम दिशा में नीले कपड़े पर नरसिंह देव का चित्र स्थापित करके पंचोपचार पूजन करें। सरसों के तेल का दीपक करें, लोहबान धूप करें, बरगद के पत्ते चढ़ाएं, काजल चढ़ाएं, नारियल, बादाम व मिश्री चढ़ाएं, उड़द की खिचड़ी का भोग लगाएं व एक माला इस विशिष्ट मंत्र की जपें। पूजन के बाद भोग को पीपल के नीचे रख दें।

**पूजा मंत्रः ॐ नृम नृम नृम नर सिंहाय नमः?**

**आध्यात्मिक महत्व**

हमारे शास्त्र एवं पुराण प्रभु की महिमा से भरे पड़े हैं। जिनमें बताया गया है कि भगवान सदा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। जब भक्त किसी दुष्ट के सताए जाने पर सच्ची भावना से प्रभु को पुकारते हैं तो भगवान दौड़े चले आते हैं। भगवान तो भक्त वत्सल हैं जो सदा ही अपने भक्तों के आधीन रहते हैं। अनादि काल से ही जैसे-जैसे धरती पर दानवों ने देवताओं को तंग किया तथा देवताओं ने आहत होकर अपनी रक्षा करने के लिए प्रभु को पुकारा तो भगवान ने सदा ही किसी न किसी रुप में अवतार लेकर उनकी रक्षा की। विष्णु पुराण के अनुसार विष्णु के प्रमुख दस अवतारों में से नरसिंह देव चौथा अवतार माने जाते हैं। इस अवतार में भगवान विष्णु आधे मनुष्य अर्थात नर व आधे शेर अर्थात सिंह के रूप में अवतरित हुए थे। कहते हैं कि भगवान श्री नृसिंह शक्ति तथा पराक्रम के प्रमुख देवता हैं। नरसिंह जयंती का दिन अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।

## 9020mAh बैटरी वाला नया iQOO Z11 लॉन्च, 165Hz डिस्प्ले से गेमिंग होगी सुपर स्मूद



अगर आप लंबी बैटरी लाइफ, हाई रिफ्रेश रेट डिस्प्ले और गेमिंग परफॉर्मेंस वाला स्मार्टफोन चाहते हैं, तो iQOO Z11 एक मजबूत विकल्प बन सकता है। खासकर 9020mAh बैटरी इसे भीड़ से अलग बनाती है। हालांकि इसकी कीमत प्रीमियम कैटेगरी में जा सकती है, इसलिए बजट के अनुसार निर्णय लेना जरूरी होगा। स्मार्टफोन मार्केट में बड़ी बैटरी और हाई परफॉर्मेंस की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए iQOO ने अपनी Z-सीरीज को अपडेट करते हुए नया iQOO Z11 लॉन्च कर दिया है। यह स्मार्टफोन खासतौर पर उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो लंबी बैटरी लाइफ, गेमिंग परफॉर्मेंस और प्रीमियम डिस्प्ले चाहते हैं। कंपनी ने इसे iQOO Z10 के अपग्रेड के रूप में पेश किया है, लेकिन नए फीचर्स के कारण इसकी कीमत पहले से अधिक हो सकती है।

**9020mAh बैटरी: लंबी बैटरी लाइफ का नया रिकॉर्ड**

iQOO Z11 की सबसे बड़ी खासियत इसकी 9,020mAh की विशाल बैटरी है। इतनी बड़ी बैटरी के साथ यह फोन पूरे दिन नहीं बल्कि दो दिन तक आराम से चल सकता है। गेमिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग और मल्टीटास्किंग के दौरान भी बैटरी जल्दी खत्म नहीं होती। खास बात यह है कि इतनी बड़ी बैटरी होने के बावजूद फोन की मोटाई केवल 8.25mm रखी गई है, जो इसे उपयोग में आरामदायक बनाती है। फोन में 90W फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट दिया गया है, जिससे बड़ी बैटरी भी कम समय में चार्ज हो जाती है। इसके अलावा, इसमें OTG रिवर्स चार्जिंग भी दी गई है, जिससे आप दूसरे डिवाइस को चार्ज कर सकते हैं।

**165Hz AMOLED डिस्प्ले: गेमिंग का स्मूद अनुभव**

iQOO Z11 में 6.83 इंच का बड़ा AMOLED डिस्प्ले दिया गया है। इसमें 165Hz का हाई रिफ्रेश रेट और 300Hz टच सैंपलिंग रेट मिलता है, जो गेमिंग को बेहद स्मूद बनाता है। हाई फ्रेम रेट गेम खेलने वालों के लिए यह फीचर काफी उपयोगी है। इसके अलावा, डिस्प्ले में 100% DCI-P3 कलर गैमट और HDR सपोर्ट मिलता है, जिससे वीडियो और गेमिंग के दौरान रंग अधिक जीवंत दिखाई देते हैं।

**दमदार प्रोसेसर और कूलिंग सिस्टम**

फोन में MediaTek Dimensity 8500 (4nm) चिपसेट दिया गया है, जो हाई परफॉर्मेंस के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी का दावा है कि यह चिपसेट Snapdragon 7s Gen 4 से बेहतर प्रदर्शन देता है। लंबे समय तक गेमिंग के दौरान फोन गर्म न हो, इसके लिए इसमें 7K Ice Dome VC Liquid Cooling सिस्टम दिया गया है। यह कूलिंग तकनीक फोन के तापमान को नियंत्रित रखती है और परफॉर्मेंस को स्थिर बनाए रखती है।

**कैमरा और सॉफ्टवेयर**

कैमरा सेटअप की बात करें तो iQOO Z11 में 50MP का प्राइमरी कैमरा और 2MP का सेकेंडरी सेंसर दिया गया है। यह सेटअप रोजमर्रा की फोटोग्राफी और सोशल मीडिया के लिए पर्याप्त है। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए इसमें 16MP का फ्रंट कैमरा दिया गया है। सॉफ्टवेयर की बात करें तो यह स्मार्टफोन Android 16 आधारित OriginOS 6 पर चलता है, जो स्मूद और कस्टमाइज्ड यूजर एक्सपीरियंस देता है।

**कीमत और संभावित लॉन्च**

चीन में iQOO Z11 की शुरुआती कीमत लगभग CNY 2,299 यानी करीब 31,000 रुपये रखी गई है। वहीं, इसका टॉप वेरिएंट (16GB + 512GB) लगभग 46,300 रुपये तक जाता है। भारत में इसकी कीमत पिछले मॉडल की तुलना में थोड़ी ज्यादा रहने की संभावना है।



## गर्मी का Smart जुगाड़! ये Mini Fan जेब में रखें, Office हो या Metro, मिलेगी ठंडी हवा

**भीषण गर्मी में ऑफिस डेस्क पर तुरंत ठंडक पाने के लिए पोर्टेबल रिचार्जेबल फैन एक बेहतरीन विकल्प है, जो 1000 रुपये से कम में आता है और एसी की हवा को सीधे आप तक पहुंचाता है।**

अप्रैल में लोगों का गर्मी से बुरा हाल हो रखा है। भीषण गर्मी से लोग परेशान नजर आ रहे है। जो लोग रोजाना ऑफिस जाते हैं, तो रास्ते में उनको काफी परेशानी होती है। क्योंकि आजकल 10-11 बजे ही कड़क धूप निकल रही है, ऐसे में बाहर निकलने वाले लोगों को लगता है कि भट्टी की आग में जल रहे हैं। जब हम ऑफिस पहुंचते है, तो उस समय काफी गर्मी लगती है। ऐसे में आपको ठंडी हवा की काफी जरुरत होती है। इस दौरान आपको ऑफिस एसी में तुरंत ठंडक महसूस नहीं होती है, तो ऐसे में आप छोटा पंखा का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो आपको तुरंत ठंडक पहुंचाएगा। यह रास्ते में ऑटो में बैठने में जब गर्मी लगे, तो इसका यूज कर सकते हैं या फिर मेट्रो में भारी भीड़ में इस छोटा पंखा का इस्तेमाल कर सकता है।

**छोटा फेन लेकिन बड़े काम का है**

- ऑफिस जाने वालों की समस्या का हाल है यह पोर्टेबल टेबल फैन है। इसको आप अपने ऑफिस डेस्क पर रख सकते हैं।
- ये फैन AC की ठंडी हवा को सीधे आपके चेहरे पर फेंकता हैं, जिसके आपको तुरंत गर्मी से राहत मिल जाएगी।
- पोर्टेबल फैन की सबसे खास बात यही हैं कि इसे चलाने के लिए आपको पावर सोर्स ढूंढने की जरुरत नहीं हैं, क्योंकि ये रीचार्जेबल बैटरी के साथ आता है। इसमें आपको ळएँ केबल से भी चार्ज किया जा सकता है।
- इसको आप बैग में आराम से रख सकते हैं या फिर कहीं भी ले जा सकते हैं। जब आपको जरुरत पड़े तो इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।
- यह काफी छोटे साइज में आता और यह टेबल टॉप फैन फुल चार्ज में सिर्फ 1 घंटे तक चलता है। इसमें आपको 2-3 स्पीड मोड भी मिल जाएगा।
- इसे फुल चार्ज करने में भी आपको एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है।
- इस फैन को आप ऑफिस डेस्ट और छोटे कमरों के लिए स्मार्ट तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं और यह काफी किफायती ऑप्शन है।

**क्या है इसकी कीमत**

बता दें कि, ये फैन एकदम पॉकेट फ्रेंडली बजट रेंज में आता है। आपको मार्केट या फिर ऑनलाइन ये फैन 700 से 1200 रुपये के बीच में मिल जाएगा। मार्केट में Bajaj, Portronics, Ambrane, Usha और Havels जैसे कई ब्रांड्स हैं, जो पोर्टेबल फैन बनाते हैं।

**किन लोगों के लिए ये फैन सही है?**

ये फैन उन लोगों के लिए बेस्ट है जो ऑफिस डेस्क पर ज्यादा कूलिंग चाहते हैं। अगर आप बस या मेट्रो में ट्रैवल करते हैं, तो ये फैन आप सफर के दौरान भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको इससे काफी ठंडक मिलेगी।

## Jio का Gamers और Youth के लिए धांसू प्लान, FanCode, Snapchat+ के साथ पाएं Unlimited 5G Data




रिलायंस जियो ने गेमर्स और युवाओं के लिए 459 रुपये का नया 'यूथ एंड गेमिंग' प्रीपेड प्लान लॉन्च किया है, जिसमें 61GB डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग के साथ FanCode, Snapchat+ और 18 महीने के लिए Google Gemini Pro जैसे प्रीमियम सब्सक्रिप्शन मुफ्त दिए जा रहे हैं।

हाल ही में Reliance Jio ने भारत में Youth and Gaming Plan लॉन्च किया है। ये एक प्रीपेड प्लान है, ये प्लान उन यूजर्स के लिए है जो गेमिंग, स्ट्रीमिंग और सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताते हैं।

इस प्लान में रोजाना डेटा बेनिफिट्स के साथ ही कई सारे सब्सक्रिप्शन और क्लाउड स्टोरेज का एक्सेस भी मिलेगा। अनलिमिटेड कॉलिंग और SMS बेनिफिट्स के साथ ही इसमें रेगुलर डेटा यूजर्स के लिए डिजाइन की एंटरटेनमेंट और यूटिलिटी सर्विसेज का भी एक मिक्स शामिल है।

**Jio Youth and Gaming Plan के फायदे**

- इस प्लान की कीमत 459 रुपये है, इसकी वैधता 28 दिनों की है और इसमें टोटल 61 GB डेटा मिलेगा। इसमें आपको डेली 2GB डेटा के साथ-साथ 5GB एक्स्ट्रा हाई-स्पीड डेटा भी शामिल है। जब हाई-स्पीड डेटा कोटा खत्म होने के बाद, स्पीड घटकर 64Kbps हो गई है। इस प्लान में आपको अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और डेली 100 SMS भी मिलेंगे। एलिजिबल यूजर्स Jio के True 5G नेटवर्क अनलिमिटेड 5G डेटा का एक्सेस पा सकते हैं।
- Jio ने अपने Youth और Gaming प्लान के तहत कई तरह की डिजिटल सर्विसेज को एक साथ शामिल किया है। इस प्लान में यूजर्स को JioGames Mobile और JioTV के माध्यम से FanCode के साथ-साथ Snapchat+ जैसी सुविधाओं का लाभ मिलता है। इसके अलावा, इसमें JioHotstar का 3 महीने का मोबाइल सब्सक्रिप्शन और Jio AICloud पर 50GB तक की स्टोरेज भी दी जा रही है। इन सभी अतिरिक्त सुविधाओं का उद्देश्य यूजर्स को एक ही रिचार्ज में मनोरंजन और जरूरी डिजिटल सेवाओं का पूरा पैकेज उपलब्ध कराना है।
- Youth and Gaming Plan में आपको 18 महीनों के लिए Google Gemini Pro का ऑफर मिलेगा, जिसकी कीमत 35,100 रुपये है। इस शानदार बेनिफिट से यूजर्स को एडवांस्ड AI फीचर्स के साथ-साथ 5TB क्लाउड स्टोरेज का एक्सेस भी मिलता है। इन बेनिफिट्स का इस्तेमाल जारी रखने के लिए यूजर्स को ऑफर पीरियड के दौरान एलिजिबल जियो प्लान पर एक्टिव रहेगा।
- इस ऑफर की सबसे खास बात ये है कि Jio यूजर्स को हर सर्विस में उसी मोबाइल नंबर से लॉग इन करना होगा जो उनके Jio कनेक्शन से जुड़ा हुआ है। कुछ बंडल बेनिफिट्स को एक्टिव रखने के लिए समय पर रिचार्ज करना भी जरुरी है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
सिद्धगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी, OCD याददाश्त कमजोर होना, सिज़ोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ों की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

